Title: Need to take steps to solve acute drinking water problem in Ajmer district, Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : महोदया, राजस्थान के अजमेर जिले में इस र्वा बी घोर अकाल की स्थिति उपत्पन्न होने तथा लगातार विगत तीन र्वाों से सूखे तथा अकाल की स्थिति के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की भयंकर समस्या उत्पन्न हो गई है। पूर्व में कई गांवों के पानी का सर्वेक्षण और परीक्षण भी किया गया तो इस जल को पेयजल की दृटि से सर्वथा हानिकारक पाया गया। तीन-चार र्वा पूर्व सरकार ने अजमेर जिले के तीन सौ गांवों में पेयजल सुलभ कराने तथा बीसलपुर योजना का पानी, कमी वाले गांवों में पहुंचाने के लिए योजनाएं बनाईं और केन्द्र सरकार को भेजी गईं। उनकी स्वीकृति भी हो गई परन्तु धन के अभाव में अभी तक भी उन पेयजल योजनाओं की क्रियान्विती हेतु कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पेयजल के अभाव में पशुधन की स्थिति और भी बदतर हो गई है। जीवित रहने के लिए पानी मूलभात् आवश्यकता है।

अतः भारत सरकार से आग्रहपूर्वक विशो अनुरोध है कि अजमेर जिले के ग्रामीण अंचलों में व्याप्त भयंकर पेयजल संकट निवारण हेतु आपातकालीन योजना बनाकर एवं पूर्व स्वीकृत योजनाओं के लिए धन मुहैया करवाकर हैण्ड पम्प, ट्यूबवैल तथा बीसलपुर योजना का पानी उपलब्ध करवाने की कार्रवाई अविलम्ब प्रारंभ करवाई जाए।